पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली दो जोड़ी ट्रेनों में थ्री टियर इकोनॉमी कोच स्थायी रूप से बढ़ाया

जबलपुर 03 जनवरी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कोच स्थाई/अस्थाई रूप से लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में पमरे से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 19813/14 कोटा–हिसार–कोटा एवं गाड़ी संख्या 19807/08 कोटा–हिसार–कोटा ट्रेनों में वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थायी रूप से बढ़ाया गया है। इस वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी कोच में अपेक्षाकृत कम किराया एवं यात्री सीटों की संख्या अधिक होती है। **इससे हिसार की तरफ जाने वाले रेलयात्रियों को वातानुकुलित इकोनॉमो तृतीय श्रेणी की अतिरिक्त 80 बर्थ की सुविधा मिलेगी। इस थ्री टियर इकोनॉमी कोच के लगने से पमरे के कोटा, लाखेरो, इन्द्रगढ, सवाई माधोपुर एवं चौथ का बरवाड़ा के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।**

यह स्थाई कोच गाड़ी संख्या 19813 कोटा से हिसार ट्रेन में कोटा स्टेशन से दिनांक 09.01.2023 से तथा गाड़ी संख्या 19814 हिसार से कोटा एक्सप्रेस ट्रेन में हिसार स्टेशन से दिनांक 10.01.2023 से 01 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगाया गया। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19807 कोटा से हिसार ट्रेन में कोटा स्टेशन से दिनांक 10.01.2023 से तथा गाड़ी संख्या 19808 हिसार से कोटा एक्सप्रेस ट्रेन में हिसार स्टेशन से दिनांक 11.01.2023 से 01 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगाया गया।

कोच कंपोजीशन– वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी के एक कोच बढ़ जाने से इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित 22 कोचों रहेंगे।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोविड–19 से संबंधित सभी दिशा–निर्देशों का पालन करें।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/639/2023 दिनांक 04.01.2023
सम्माननीय संपादक
कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग करें.

'सधन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर